# BHADORA INDUSTRIES LIMITED

To,
**The Listing and Compliance Department,**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra East, Mumbai – 400051
Script Code: SM – BHADORA

**Date: 05th February, 2026**

**Subject: Newspaper Advertisement for the Notice of Extra Ordinary General Meeting and Cut Off- Date**

Dear Sir/Madam,
Pursuant to the Regulation 30, 42, 47 and other applicable regulations of SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of advertisement published in Newspapers on Thursday, 05th February, 2026 relating to the Notice of Extra Ordinary General Meeting, Cut Off Date and Voting information to the Shareholders.

1. English Daily - "Free Press" Dated:- Thursday, 05th February, 2026

2. Regional Language Daily - "Choutha Sansaar" Dated: - Thursday, 05th February, 2026.

Kindly take the above information on your records.
This is for your information & dissemination to all concerned.

**Thanking you,**

**For Bhadora Industries Limited**
**(previously known as Bhadora Industries Private Limited)**

SHASHANK BHADORA
Digitally signed by SHASHANK BHADORA
Date: 2026.02.05 16:41:07 +05'30'

**Shashank Bhadora**
**Managing Director**
**DIN: 07493885**

एक नजर



## मातृशक्ति मंडल का देशभक्ति संदेश

इंदौर। एरोड्रम रोड स्थित सिने फ्लेक्स मल्टीप्लेक्स में मातृशक्ति मंडल द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म बॉर्डर 2 का सामूहिक प्रदर्शन देखा गया। इस अवसर पर मातृशक्तियों में राष्ट्रप्रेम का विशेष उत्साह देखने को मिला। फिल्म देखने के पश्चात पूरा परिसर भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। मातृशक्ति मंडल की श्रीमती पिंकी गोलू सेनी ने बताया कि यह आयोजन संरक्षक कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में किया गया। फिल्म के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत करने और राष्ट्रसेवा के प्रति संकल्प लेने का संदेश दिया गया। तिरंगा हाथ में लेकर मातृशक्तियों ने भारत माता के जयकारे लगाए और देश के वीर जवानों को नमन किया। इस अवसर पर अशोक चौहान चांदु नेता, प्रेम विजयवर्गीय, गोविंद पवार, भूपेंद्र सिंह केशरी, टेकचंद, मंडल अध्यक्ष मुन्ना साहू, गोलू सेनीडॉ फठ मिश्रा , राजेंद्र पाल, आकाश पटेल, अजय कुशवाहा, बंटी ठाकुर,प्रेम साहू , वर्षा शर्मा, लता मानकर, कृष्ण सेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तनाव मुक्ति व मेडिटेशन शिविर

# मुझे खुश रहना है, अपने आप से प्रॉमिस करो

**महू।** आल इंडिया रेलवे मेन फेडरेशन के आव्हान पर पूरी भारतीय रेल में सरकार से अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वेस्टर्न रेलवे में भी वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आव्हान पर वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन डा अम्बेडकर नगर (महू) शाखा द्वारा सरकार से 20 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया । जिसमें मुख्य रूप से आठवें वेतन आयोग की कार्यवाही शीघ्र शुरू हो एवं संशोधित वेतन भत्ते 1 जनवरी 2026 से लागू किए जाएं।

पुरानी पेंशन एवं न्यू पेंशन में भेदभाव है इसलिए एनपीएस और यूपीएस को हटाकर ओपीएस लागू किया जाए। केडर रिस्ट्रक्चरिंग के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। बोनस भुगतान आकलन की सीमा 7 हजार प्रति माह को हटाकर न्यूनतम नई बेसिक के आधार पर तय की जाए। रनिंग स्टाफ के किलोमीटर भत्ते की दर में 25% की वृद्धि की जाए एवं माइलेज के 70% भाग को आयकर से मुक्त किया जाए।

जीडीसीई द्वारा कर्मचारियों को विभिन्न कैटेगरी में पदोन्नति प्रदान करने हेतु वैकेंसी जल्द से जल्द भरी जाए। ट्रैक मेंटेनरों की पेट्रोलिंग 12 किलोमीटर सीमित की जाए एवं उनको दिए गए सामान को लाइट वेट कर सुवधा और सुरक्षा युक्त बनाया जाए। ट्रैकमेंटेनरो को लेवल 6 की बेसिक तक पदोन्नति का लाभ दिया जाए। की मेन में कार्यरत ट्रैकमानों को सेक्शन में एक सहायक प्रदान किया जाए। पॉइंट्स मैन के विभिन्न ग्रेडों की संरचना के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। वर्षों पुरानी प्रणाली को समाप्त कर प्रत्येक कैटेगरी की ड्यूटी आवर्स 8 घंटे होना सुनिश्चित किया जाए। कारखानो में आउटसोर्सिंग का कार्य बंद कर पदों को स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए। एस एंड टी एवं टी आर डी विभाग में कार्यभार के अनुसार नए पदों का सृजन कर कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। सभी सुपरवाइजरों को अरबीई 155/2022 के अनुसार लेवल 8 एवं लेवल 9 का लाभ प्रदान किया जाए। विद्युत कोचिंग आर ए सी का नियंत्रण विद्युत विभाग के अधीन ही रखा जाए। कॉम्यूटेशन की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष की जाए। सीधी भर्ती कोटा के 10% पदों को एल डी सी ई में शामिल करके ओपन चैन आयोजित किया जाए। संरक्षक कोठी में आने वाले कर्मचारी को रिस्क एवं हार्ड ड्यूटी भत्ता प्रदान किया जाए। रेल कर्मचारियों को परिवार के साथ माता-पिता को भी सुविधा पास में शामिल किया जाए। रेलवे आवासों एवं कॉलोनी की पर्याप्त मरम्मत की व्यवस्था हो एवं वर्षों पुराने आवासों के स्थान पर नए एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आवासो की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें रांजोध कुमार,संतोष रायकवार,शिव शंकर यादव, अविनाश यादव,गोरव श्रीवास्तव,विकाश यादव,शिव दायल,शिवानंद पाण्डे,रामचंद्र मालवीय,जितेन्द्र कौशल, अविनाश कोशल,अमित कुमार, विकास जैसवाल,अमित ठोमरे आदि उपस्थित थे। विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से यूनियन के कैलाश भारती ने कर्मचारियों को निम्न मांगों को लेकर सम्बन्धित किया व रेल प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए।

### तिरछी नजर

# स्वास्थ्य शिविर - राजनीतिक संख्या?

महू। स्वास्थ्य शिविर और मरीजों के साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, परामर्श.... बड़ी संख्या में लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया.... दूर दराज से पहुंचे अनेक मरीजों को बेहद संतुष्टि लिहाजा माना जा सकता है जन्म उत्सव सचमुच सेवा, समर्पण सार्थकता.... खैर लंबे समय बाद विकास खंड में शासकीय स्तर पर स्वास्थ्य शिविर और लोगों की भरपूर भागीदारी... और शासकीय स्वास्थ्य सेवा से राहत भी.... इधर चौक चौराहों से चौपालों तक सार्वजानिक तौर पर स्वास्थ्य शिविर और संख्या को लेकर असमंजस और आंकलन.... दिलचस्प यह विपक्ष तो हर बार की तरह मौन व्रत.... पक्ष की आपसी रार और खींचतान की तरह इस मुद्दे पर भी.... चचाओं के दौरान ही शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे लेकिन पांच अंक की संख्या क्रास?.... परिसर के अंदर बाहर शिविर समय से समाप्ति तक लाभांवित से लेकर नेतागीरी, सामाजिक स्तर पर भी मौजूदगी चार अंकों तक पहुंच?.... जन फीड बेक भी जिस तरह राजनीतिक आयोजन रैली, प्रदर्शन के दौरान हजार दो हजार, पांच, दस, तक की गणना,दस बीस हजार लाखों में प्रचारित, प्रसारित.... बेशक वृहत स्तर पर लोगों ने शिविर में भाग लिया.... दवा, गोली, जांच, आयुष्मान, आधार आभा आदि कार्ड.... चिन्हित मरीजों को भोपाल तक मदद... आम मरीज, परिजन या स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए सभी को उचित सहायता की कवायद के लिए विभिन्न स्तर पर जिमेदारों, आयोजकों को साधुवाद लेकिन संख्या गणित को लेकर दावा? और भी बहुत कुछ पर देवास जिले में बीएमओ रहे चिकित्सक ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में मरीजों को देखने के लिए सौ से भी अधिक चिकित्सक व इतने ही स्टाफ व कर्मचारियों की संख्या के बाद भी ? संवेदनशीलता के साथ विराम ...।

### चाय, नाश्ता संख्या?

बाबा साहेब की नगरी में हर साल दलित महाकुंभ और देश भर से आने वाले अनुयायियों का स्वागत, सत्कार खासकर भोजन व्यवस्था संख्या जादूगरी को लेकर हर साल भोजन ठेकेदार सप्लायर और जुगलबंदी और बिलिंग.... लिहाजा चर्चा है कि चाय पान व्यवस्था के लिहाज से जैसे एक व्यक्ति दो, तीन बार?.. उसी लिहाजा से स्वास्थ्य शिविर में संख्या गणना या फिर आम तौर पर विभिन्न शासकीय महकमे और ठेके सप्लाई के बीच गलबहियां की तरह यहां।

### मौके पर सुविधा, व्यवस्था

जानकारों का मानना है कि इस शिविर में मरीजों व स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य सुविधा के लिए आने वालों के लिए खासी मेहनत, कर्तवनिष्ठा, समर्पण निष्ठा के साथ ही डा आशीष पाठक व डा अमित सोनी के साथ ही टीम ने भरसक मेहनत की लेकिन मौजूद सुविधा व्यवस्था के तहत अधिकतम पांच अंक क्रास?.... खैर सफल शिविर के लिए संपूर्ण टीम बधाई की पात्र है...

### भोपाल टीम - पंजीयन संख्या

इस संबन्ध में शिविर आयोजन समिति के डा अमित सोनी से चर्चा की तथा संख्या को लेकर असमंजस और जारी हलचल पर सवाल किया तो उन्होंने बताया कि शिविर में आए लोगों की संख्या का डाटा भोपाल से आई टीम ने दिया उसी आधार पर शिविर में लाभ लेने वालों की संख्या का आंकलन ही नहीं पर्ची आधारित तथ्यात्मक संख्या है.... शिविर को लेकर मरीजों, परिजनों व स्वास्थ्य जागरूक लोगों में बड़ा भरोसा रहा, इस कारण निर्धारित समय के कही घंटे बाद तक भी चिकित्सक, जांच, विभिन्न कार्ड टेबल पर मरीजों व लोगों की भीड़ बनी रही.... वहीं यहां आए लोगों ने भी माना कि शिविर की व्यवस्था चाक चौबंद रहीं।

# महिला वर्ग में डीएफए मुरैना ने 2-0 से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

## सेमीफाइनल में अन्य टीमें बीकानेर राजस्थान, नैशनल फुटबॉल क्लब महू तथा डीएफए रायसेन ने प्रवेश किया

### पुरुष वर्ग में डे बोर्डिंग फुटबॉल क्लब महू ने मैच जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में क्वालीफाई किया

महू। मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्वर्गीय शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के आज आठवें दिन महिला वर्ग में एक शानदार रोमांचक मुकाबला खेला गया।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने हेतु अतिथि के रूप में स्वाती विजयवर्गीय(अध्यक्ष मप्र युवती वैश्य महासम्मेलन), पूजा खंडेलवाल(अध्यक्ष इंदौर जिला वैश्य महासम्मेलन),महू अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भरतसिंह ठाकुर,सचिव अभिषेक जयसवाल, सुधीर शुक्ला,पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष विजय विजयवर्गीय, उमेश खंडेलवाल एवं सतीश शांडिल्य ,इंदौर जिला फुटबॉल संघ के कार्यालय सचिव शैलेन्द्र वर्मा एवं सहसचिव अलका वर्मा उपस्थित रही।

इस अक्सर पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ से जगदीशचंद खोड़े,अशोक पिल्ले,सुरेश डामोर,एस.एम सलीम,ओपी बाथम,गोपाल धवन,प्रवीण कांबले,शिवम शर्मा,अशोक डागर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रतियोगिता में महिला वर्ग के अंतर्गत मुरैना डीएफए फुटबॉल मुरैना विरुद्ध श्योपुर डीएफए फुटबॉल क्लब श्योपुर के बीच खेला गया। जिसमें डीएफए मुरैना 2-0 से विजयी रही।

पुरुष राज्य स्तरीय क्वालीफाई मुकाबले के अंतर्गत यंग बॉयज फुटबॉल क्लब महू व डे बोर्डिंग फुटबॉल क्लब महू के मध्य खेला गया। जिसमें मैदानी बराबर रहा पेनल्टी शूट आउट में डे बोर्डिंग फुटबॉल क्लब महू 5-4 से विजयी रही। प्रतियोगिता के मैच कमिश्नर आकाश पिल्ले,निर्णायकों की भूमिका में निखिल दीवार,शिवम नंदराज,गोविंद परमार,दीपक फूलपगारे,मनोज मोरने,गोलू वसुनिया एवं बचनसिंह मावी है।

आज राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर दो शानदार मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैचमन फाइटर फुटबॉल क्लब रतलाम विरुद्ध नैशनल फुटबॉल क्लब महू दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा।

सेकंड मैच ए.यूनियन फुटबॉल क्लब नीमच व आदिवासी यूनाइटेड फुटबॉल क्लब इंदौर के मध्य होगा।

## इंदौर मैराथन में दस हजार जंप करके 10 किमी दौड़े महू के इन्दर सिंह

**महू।** इंदौर में प्रतिवर्ष होने वाली मैराथन दौड़ में इस वर्ष 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया।



3, 5,10 व 20 किलोमीटर की इस मैराथन दौड़ में बच्चे-युवा- व वृद्धों ने भी भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। इसमें स्वामी रामदेव के शिष्य योग गुरु,धावक महू के इंदरसिंह ने भी भाग लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने मैराथन दौड के पहले 10 हजार बार जंप किए फिर 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लिया। हाथ में तिरंगा थामें दौड़ते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए दौड़ पुरी की। अनेक लोगों ने आपकी दौड की प्रशंसा की व सेल्फी भी ली। 70 वर्षी इंदर सिंह का इंदौर मैराथन में यह आठवां वर्ष था । सिंह वर्ष 2019 से इस मैराथन में भाग ले रहे हैं। श्री सिंह का मानना है कि वे दौड़ व योग के माध्यम से राष्ट्र के युवाओं को संदेश देना चाहते हैं कि जीवन में सबसे पहले स्वस्थ रहें । इसके लिए दौड़ का योग- प्राणायाम आवश्यक है। आर्य रामलाल प्रजापति सहित अनेक गणमान्य जनों ने आपको बधाई दी।

## ड्रोन प्रशिक्षण कैम्प रायपुर हेतु महाविद्यालय के तीन कैडेट्स का चयन



महू। एनसीसी ग्रुप इंदौर के भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के तीन कैडेट्स का चयन ड्रोन ट्रेनिंग कैम्प रायपुर छत्तीसगढ़ हेतु किया गया है।

9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने बताया कि एनसीसी के पाठ्यक्रम में ड्रोन प्रशिक्षण को ध्यान में रखकर बटालियन के तीन कैडेट्स शालू तिवारी,प्रणय ठाकुर एवं मोहित यादव का चयन 4 फरवरी से 13 फरवरी तक रायपुर में आयोजित ड्रोन प्रशिक्षण कैम्प के लिए किया गया है।यह तीनों कैडेट्स वहां ड्रोन का उपयोग करने का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।उन्होंने बताया कि आने वाले समय में होने वाले युद्धों में ड्रोन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी,इसी बात को ध्यान रखते हुए एनसीसी कैडेट्स के लिए ड्रोन का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। महाविद्यालय के इन तीनों कैडेट्स के ड्रोन प्रशिक्षण कैम्प रायपुर छत्तीसगढ़ में चयन होने पर कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी,प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार, मेजर डॉ संजय सोहनी,मेजर कृष्णा भूरिया, सूबेदार मेजर बृजेश कुमार एवं महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**Bhadora Industries Limited**
(Formerly known as Bhadora Industries Private Limited)
**CIN : L31300MP2013PLC030767**
Regd. Address : Office No. 505, Plot No. 39, 405, NRK Biz Park, PU-4, Scheme No. 94, Indore-452001 (M.P.)

**Notice of the 1st Extra Ordinary General Meeting of FY 2025-26 (01/EGM/2025-26)**

Notice is hereby given that:

1. The **1st Extra Ordinary General Meeting (EGM) of FY 25-26** of the Members of the Company will be held by physical means at the Registered Office of the Company at Clifton Corporate Park, 9th Floor, 903, Near BPK Titanium, A.B. Road, Sector C, Slice 5, Part II, Shalimar Township, Indore, Madhya Pradesh 452010 on **Friday, the 27th day of February, 2026 at 02.30 P.M.** to transact the Special Business as set out in the Notice of the EGM.
   The Company has sent the Notice of EGM along with Explanatory Statements on **Wednesday, 04th day of February, 2025** through electronic mode to members whose e-mail addresses registered with the Company/ Depositories in accordance with the General Circulars issued by Ministry of Corporate Affairs dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020 and subsequent Circulars issued in this regard, the latest being December 28, 2022, September 25, 2023 & September 19, 2024, 22nd September, 2025. (collectively referred to as 'MCA Circulars')
2. In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Members, whose name appears at the close of business hours on Friday, 20th February, 2026 (cut-off date) may cast their vote at the meeting on the Special Business as set out in the Notice of the EGM.
3. A member entitled to attend and vote at the meeting is entitled to appoint a proxy to attend and vote instead of himself / herself and the proxy need not be a member of the company.
4. The Register of Members and the Share Transfer Books will remain closed from **Saturday, 21st February, 2026 to Friday, 27th February, 2026** (both days inclusive) for the purpose of the Extra Ordinary General Meeting.
5. As per Rule 20 of The Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) the company having less than one thousand members is not required to provide e-voting facility.
6. Any person who acquires shares and become Members of the Company after the sending Notice of the EGM through electronic mode but before the cut-off date of **Friday, 20th February, 2026** and whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories, can view the Notice of the EGM on the Company's website or can write to the company secretary at e-mail id: **info@vidhutcables.com.**

By order of the Board
For **Bhadora Industries Limited**
(Previously known as Bhadora Industries Private Limited)
Sd/-
**Shashank Bhadora**
Managing Director
DIN: 07493885

**Place: Indore**
**Date: February 04, 2026**

**ida इंदौर विकास प्राधिकरण**

विज्ञप्ति क्र. : 22 दिनांक : 03.02.2026

इंदौर विकास प्राधिकारी की योजना क्र. 59 में आवासीय उपयोग के 02 भूखण्डो को भू–स्वामी अधिकार पर न्यूनतम दर के बराबर या अधिक दर पर व्ययन करने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

| अ. क्र. | ई–टेण्डर पोर्टल क्रमांक | संपत्ति का विवरण | आरक्षित श्रेणी | क्षेत्रफल (व.मी.) | न्यूनतम दर (प्रति व.मी.) | अर्नेस्ट मनी (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DTCP_477622_1 | 113 (मेजर रोड़) | अ.ज.जा. | 463.15 | 163786.00 | 37.92 |
| 2 | 2026_DTCP_477638_1 | 114 (मेजर रोड़) | सामान्य | 400.22 | 163786.00 | 32.77 |

ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की महत्वपूर्ण दिनांक

| अ.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की आरंभ दिनांक एवं समय | 06-02-2026 | 14:00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं भरने की अंतिम दिनांक एवं समय | 27-02-2026 | 18:00 Hrs. |
| 3 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जॉच हेतु खोलने का दिनांक एवं समय | 02-03-2026 | 12:30 Hrs. Onwards |
| 4 | सफल निविदादाताओं के ऑनलाईन वित्तीय प्रस्ताव खोलने का दिनांक एवं समय | 09-03-2026 | 12:30 Hrs. |

नोट :–

- निविदा ई–प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल https:/www.mptenders.gov.in पर देखी एवं ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। ई–टेण्डर हेल्प डेस्क का टोल फ्री नंबर 01204001002 है।
- निविदा में भाग लेने हेतु निविदा प्रस्तुतकर्ता अर्नेस्टमनी (प्रतिभूति) राशि का भुगतान ऑनलाईन क्रेडिट कार्ड/डेबिटकार्ड/नेट बैंकिंग/आटीजीएस के माध्यम से कर सकेगा।
- निविदादाता को अपने निविदा ऑफर (दर) ऑनलाईन देना होगी। सभी डाक्यूमेंटस ऑनलाईन अपलोड करना होगें। निविदादाता को पंजीयन राशि रसीद, पेन नंबर, निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्ते आदि की प्रति स्केनिंग करके ऑनलाईन अपलोड करना होगी।
- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा, जिसे पृथक से समाचार–पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा।
- सम्पत्ति की प्रीमियम की प्रथम 25 प्रतिशत राशि (अमानत राशि सहित) आरक्षण पत्र जारी होने के दिनांक से 1 माह की अवधि में जमा कराना होगी एवं शेष प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि आगामी 3 माह की अवधि में अर्थात आरक्षण पत्र जारी होने के दिनांक से 4 माह की अवधि में जमा कराना होगी। निर्धारित समयावधि में प्रीमियम की राशि जमा न करने पर व्ययन नियम,2018 के नियम 12 अनुसार सम्पत्ति की निरस्ती की कार्यवाही की जायेगी।
- प्राधिकरण को निविदा स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी
इंदौर विकास प्राधिकारी,इंदौर

अधिक जानकारी के लिए कार्यलयीन समय में श्री भुनेश्वर पटेल (मो. 9893699153) से संपर्क करें, अथवा प्राधिकारी की वेबसाईट www.idaindore.org पर देखे।